आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

23.04.2024 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उच्च शिक्षा पर क्यूएस की विश्व रैंकिंग में भारत के प्रदर्शन को उत्साहवर्धक बताया है।

- नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने बारह वर्ष तक के बच्चों को अभिभावकों के साथ एक ही पीएनआर पर निर्धारित सीट सुनिश्चित करने को कहा।

- राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बोर्नवीटा सहित अन्य इसी तरह के उत्पाद, जिसे हेल्थ ड्रिंक की श्रेणी का दावा किया जा रहा है, उसकी बिक्री पर रोक लगाने का प्रस्ताव दिया है।

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षकों के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

- एम.वी स्वराज द्वीप कल पोर्ट ब्लेयर से चेन्नई जाएगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उच्च शिक्षा पर क्वाक्वेरेली साइमंड्स–क्यूएस की विश्व रैंकिंग में भारत के प्रदर्शन को उत्साहवर्धक बताया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भविष्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान दिए जाने से भारत की युवा शक्ति को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सरकार बड़े स्तर पर अनुसंधान, अध्ययन और नवाचार पर ध्यान दे रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने क्यूएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नुंजियो क्वाक्वेरेली से भी मुलाकात की। श्री क्वाक्वेरेली ने घोषणा की कि आगामी कुछ सप्ताह में क्यूएस भारतीय उच्च शिक्षा व्यवस्था के साथ विषयवार क्यूएस की अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय की नवीनतम रैंकिंग के कुछ परिणाम को साझा करेगा। उन्होंने बताया कि सभी जी–20 राष्ट्रों में इस वर्ष भारतीय विश्वविद्यालयों ने अपने प्रदर्शन में श्रेष्ठ सुधार का परिचय दिया है। भारत के विश्वविद्यालय विश्व में तेजी से अपनी साख बनाते अनुसंधान केंद्रों में शामिल हो चुके हैं।

<><><><><><>

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय–डीजीसीए ने एयरलाइंस को ये सुनिश्चित करने को कहा है कि एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे बारह वर्ष से कम आयु के बच्चों को अपने माता–पिता तथा अभिभावकों के पास की निर्धारित सीट पर ही यात्रा करने दे। डीजीसीए के बयान के अनुसार, ऐसे कई मामले सामने आये हैं, जिनमें बारह वर्ष से कम आयु के बच्चों को अपने माता–पिता तथा अभिभावकों के पास सीट नहीं मिली है। बयान में कहा गया है कि मौजूदा हवाई परिवहन परिपत्र को उपयुक्त रूप से संशोधित कर दिया गया है।

<><><><><><>

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बोर्नवीटा सहित अन्य इसी तरह के उत्पाद, जिसे हेल्थ ड्रिंक की श्रेणी का दावा किया जा रहा है, उसकी सभी दुकानों और भंडारों पर रोक लगाने का प्रस्ताव दिया है। कुछ मीडिया रिपोर्टों पर स्वास्थ्यवर्धक शक्तिशाली पेय विशेषकर बोर्नवीटा को ऊर्जा ड्रिंक का दावा किए जाने पर संज्ञान लेते हुए कहा गया है कि जांच–पड़ताल के बाद यह पाया गया कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम दो हजार छः में कोई भी हेल्थ ड्रिंक परिभाषित नहीं की गई है और इसे देखते हुए आयोग ने संबंधित राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों से हेल्थ ड्रिंक के नाम पर इसकी बिक्री पर रोक लगाने का प्रस्ताव दिया है। आम जनता से भी कहा गया है कि वे बोर्नवीटा सहित इस तरह के सभी पेय को खरीदने से बचे क्योंकि ये विज्ञापन भ्रामक है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए कराए गए मतदान की मतदान सामग्रियां द्वीपों के सभी मतदान केन्द्रों से पोर्ट ब्लेयर पहुंच चुकी हैं। कल कैम्पबेल–बे से जलयान में ई वी एम और वी वी पैट मशीन पोर्ट ब्लेयर पहुंची और इसे कड़ी सुरक्षा के बीच जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया है। कैम्पबेल–बे से केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल और एक्जिक्यूटिव मजिस्ट्रेटों की निगरानी में इन सामग्रियों को लाया गया। अब सामान्य पर्यवेक्षक बी एन सिंह, निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा और अन्य चुनाव तथा पुलिस अधिकारियों की निगरानी में स्ट्रॉन्ग रूम को सील कर दिया गया है। सील करने की प्रकिया के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार भी उपस्थित थे। स्ट्रॉन्ग रूम की चौबीसों घंटे सुरक्षा की जा रही है और कॉलेज में तीन स्तरीय सुरक्षा के प्रबंध भी किए गए है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षकों के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। दक्षिण अंडमान जिले के प्राथमिक और सेकेण्डरी स्तर के जी टी टी विज्ञान के शिक्षकों के लिए इसी तरह का प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल उद्‌घाटन किया गया। जी टी टी अंग्रेजी के शिक्षकों के लिए भी कल गर्ल्स स्कूल में प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। पांच दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम विकास के बारे में जानकारी दी जा रही है।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–दो हजार बीस के अनुसार परीक्षा आंकलन और मूल्यांकन विधियों में परिवर्तन किया है। इस नई पहल में सक्षमता आधारित प्रश्न अधिक होंगे जबकि अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न कम संख्या में होंगे। संशोधित दिशा–निर्देश के अनुसार ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाओं में बहुविकल्पीय प्रश्न, स्थिति आधारित प्रश्न या किसी अन्य प्रकार के प्रश्न चालीस से बढ़ाकर पचास प्रतिशत कर दिये गये हैं। दूसरी ओर लघु उत्तर और दीर्घ उत्तर प्रश्नों सहित अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न दो हजार चौबीस–पच्चीस सत्र की परीक्षाओं में चालीस प्रतिशत से घटाकर तीस प्रतिशत कर दिये गये हैं।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने आधार बैंकिंग में महीने में कम से कम एक बार पैसों का लेन–देन अनिवार्य करने के दावों को खारिज किया है। दावों को फर्जी बताते हुए पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी की फैक्ट चेक इकाई ने इस बात से इनकार किया है कि भारतीय रिजर्व बैंक के नए अपडेट ने लोगों के लिए हर महीने आधार के माध्यम से पैसे का लेनदेन करना अनिवार्य कर दिया है। इसमें कहा गया है कि ऐसा करने में विफल रहने पर ग्राहक की आधार लेनदेन सुविधा लॉक नहीं होगी जैसा कि दावा किया गया है।

<><><><><><><>

गाराचरमा उप–केन्द्र में ट्रांसफार्मर की आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाने की वजह से कल भातूबस्ती सहित पोर्ट ब्लेयर के कुछ भागों और दक्षिण अंडमान के कुछ भागों में बिजली की कटौती की जाएगी। कटौती सुबह छः बजे से आठ बजे तक होगी।

<><><><><><><>

एम.वी स्वराज द्वीप कल पोर्ट ब्लेयर से चेन्नई जाएगा। यात्रियों की स्वास्थ्य परीक्षा सुबह सात बजे से आठ बजे तक की जाएगी। जहाज कल सुबह नौ बजे हैडो जेट्‌टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन छः मई से गर्मी की छुट्टियों के दौरान कोचिंग शिविर का आयोजन करेगा। खालसा पब्लिक स्कूल के सहयोग से स्कूल में इक्कीस जून तक चलने वाले इस शिविर में पांच से तेरह वर्ष आयु वर्ग के बच्चे भाग ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागियों से एक मई तक अपने नाम चेस एसोसिएशन के कार्यालय में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों के रूप में धोखाधड़ी करने वालों से सावधान रहने के संबध में सार्वजनिक सलाह जारी की है। इसमें कहा गया है कि हाल के दिनों में व्हाट्सऐप और अन्य स्रोतों पर कॉल के माध्यम से व्यक्तियों को निशाना बनाने वाली धोखाधड़ी गतिविधियों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। कानूनी एजेंसियों के प्रतिनिधियों के रूप में अपने आप को प्रस्तुत कर ज़ालसाज निर्दोष लोगों से पैसे लेने की रणनीति को अपनाते हैं। ऐसे धोखेबाज कॉल करने वाले व्यक्तियों को झूठी सूचना देते हैं कि उनके बेटे या बेटी गंभीर कानूनी मामलों में फंस गए है और माता–पिता की भावनात्मक कमजोरी का फायदा उठाते हुए उनसे बच्चों की रिहाई के बदले पैसों की मांग करते हैं। इसके अतिरिक्त कॉलेज के छात्रों के अपहरण की झूठी सूचना देकर फिरौती के मांग के मामले भी सामने आए हैं। धोखाधड़ी वाले कॉल अक्सर प्लस नौ दो वाले नम्बरों से आती है। पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि वे ऐसे कॉल का जवाब न दें और सावधानी बरतें। विशेषकर अज्ञात नम्बरों से अंतर्राष्ट्रीय व्हाट्सेएप कॉल प्राप्त करते समय किसी भी प्रकार की सहायता, जानकारी और पूछताछ के लिए साइबर अपराध पुलिस थाना से संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>